


# मौलाना मदनी के खिलाफ आक्रोश, गिरफ्तारी की मांग

नवभारत न्यूज

**कोटर 3 दिसंबर, जमीयत उलेमा-ए-हिंद के प्रमुख मौलाना अरशद मदनी द्वारा दिए गए कथित विवादित बयानों को लेकर कोटर नगर के हिंदू समाज में भारी आक्रोश देखने को मिला। बुधवार को दिनेश मिश्रा के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने थाना प्रभारी दिलीप मिश्रा को एक शिकायती आवेदन पत्र सौंपकर मौलाना मदनी की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की।**



शिकायतकर्ताओं ने मौलाना मदनी के बयानों को देशद्रोह, राष्ट्रीय एकता और सामाजिक सद्भाव के लिए खतरनाक बताते हुए भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 152, 196, और 353 के तहत मामला दर्ज कर कठोर कार्यवाही की मांग की है।

**प्रमुख आरोप और विरोध के बिंदु-** शिकायती आवेदन में मौलाना अरशद मदनी पर लगाए गए मुख्य आरोप उन पर "भारत में मुसलमानों को उत्पीड़ित कर रहे हैं" जैसे बयान देकर देशद्रोह साम्प्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने का प्रयास- आरोप है कि उनके बयान विभिन्न धार्मिक समूहों के बीच दुर्भावना को बढ़ावा देते हैं, जो कि अपराध की श्रेणी में आता है मदनी पर सर्वोच्च न्यायालय के फैसलों पर टिप्पणी करके न्यायपालिका की संवैधानिक गरिमा को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया गया है।

### थाने का घेराव और प्रदर्शन

विरोध प्रदर्शन के दौरान,हिंदू समाज के सैकड़ों लोगों ने एकजुट होकर थाने का घेराव किया इस दौरान मुख्य राजेंद्र गौतम ,अनूप तिवारी,आनंद पाठक,शिवेन्द्र पाठक,ब्रजेश त्रिपाठी, विक्रम, राज मिश्रा हिमांशु गौतम,के पी चौधरी, संदीप वर्मा, लालन,अन्य गणमान्य व्यक्ति और कार्यकर्ता उपस्थित रहे ?विरोध प्रदर्शन में शामिल लोगों ने मदनी पर देश की एकता और सामाजिक सौहार्द को तोड़ने का षड्यंत्र रचने का आरोप लगाते हुए, पुलिस से इस मामले में जल्द से जल्द कानूनी कार्यवाही करने और मौलाना अरशद मदनी को गिरफ्तार करने का आग्रह किया ?थाना प्रभारी दिलीप मिश्रा ने हिंदू समाज के प्रतिनिधिमंडल से आवेदन स्वीकार किया और उन्हें आश्वासन दिया कि वे मामले की गंभीरता को देखते हुए कानून के अनुसार उचित कदम उठाएंगे।



# एसआईआर की समीक्षा बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज

**रामपुर बाघेलान 3 दिसंबर, भाजपा मौहारी कटरा मण्डल के लामी करही शक्ति केंद्र के 7 बूथों की समीक्षा बैठक रविवार को एस आई आर के जिला प्रभारी राजेश पाण्डेय ने ऐरा में ली ।**

लमीकरही शक्ति केंद्र में 95 पर्सेन्ट आनलाइन फंडिंग हो चुकी है बैठक में भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष एवं एस आई आर के मण्डल प्रभारी पुष्पराज कुशवाहा भाजपा मौहारी कटरा मण्डल अध्यक्ष जितेंद्र मिश्रा जनपद सदस्य प्रजेश दुबेदी राजकृष्ण अग्निहोत्री बी एल ए टू कामताप्रसाद कोल महेंद्र सिंह सहित पार्टी के बूथ अध्यक्ष महामंत्री सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# मरम्मत के नाम पर सड़क के गड्ढों में डाल दी गई बिना डामर की गिट्टी

नवभारत न्यूज

**कोटर 3 दिसंबर, गुणवत्ता विहीन सड़क निर्माण पर जब ग्रामीणों शिकायत किया तो प्रधानमंत्री सड़क योजना के अधिकारियों ने मरम्मत का टेंडर संविदाकार दक्षिणा इंन्फा को दिया है।**

जो गुणवत्ता विहीन कार्य करके बजट का बंदरबांट कर रही है और प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अधिकारी संविदाकार की मनमानी पर अंकुश लगाने में नाकाम हैं, सड़क की मरम्मत का टेंडर होने के बाद भी अधिकारी नहीं सड़क की मरम्मत ठीक ढंग से नहीं करा पा रहे, संविदाकार ने डामर की पैच मरम्मत न कर गड्ढों में केवल गिट्टी डाल कर नदारद हो गया है , इससे सड़क में चलने वाले दोपहिया वाहन चालक हादसे का शिकार हो रहे हैं, जिम्मेदार अधिकारी संविदाकार के पैरोकार बने हुए हैं, सड़क में डामर का पैच न बनने से परेशान ग्रामीण सीएम हेल्पलाइन में शिकायत करने की तैयारी कर रहे हैं।

चित्र में सड़क के इस गड्ढे में लगभग 20 दिन पहले गिट्टी डाली गई थी ।जिसमें साफ दिख रहा है कि डामर का कहीं पता नहीं है।

# बृजेन्द्र सिंह ने 3 दिवसीय प्रशिक्षण और कार्यशाला में सहभागिता निभाई, हुए सम्मानित

नवभारत न्यूज

**हिरौंदी 3 दिसंबर, समुदाय आधारित संस्थाओं के प्रतिभागियों के लिए प्रशिक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण और आवासीय कार्यशाला 1 से 3 दिसंबर 2025 तक समर्थन सेंटर भोपाल में soli और tan& संस्था के संयुक्त तत्वावधान आयोजित की गई।**

कार्यशाला में पुनर्योजी कृषि, कृषक उत्पादक संगठन , लैंगिक नेतृत्व और नीतिगत सहभागिता जैसे अत्यंत प्रासंगिक विषयों पर गहन चर्चा एवं प्रशिक्षण दिया गया। आयोजन का उद्देश्य समुदाय आधारित संस्थाओं के प्रतिभागियों को इन महत्वपूर्ण विषयों में सशक्त बनाना और उनके क्षेत्रीय विकास कार्यों को प्रभावी बनाना था। कार्यशाला में शिवा ग्रामीण विकास संस्थान के बृजेंद्र सिंह की प्रतिनिधि के रूप में सहभागिता रही, जिन्होंने सभी सत्रों में अपनी



सक्रिय सहभागिता निभाई और दूसरे दिन के सक्रिय सभागिता का सम्मान प्राप्त किया । प्रशिक्षण में सतत कृषि प्रणालियों को अपनाने पर जोर दिया गया, जिससे स्थानीय किसानों की आय में सुधार एवं पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित हो सके ।कृषक उत्पादक संगठनों से जुड़ी रणनीतियों पर विस्तार से बात की गई, जिससे सामूहिक प्रयासों द्वारा किसानों की उत्पादकता और बाजार तक पहुंच में बढ़ोतरी हो। साथ ही, लैंगिक नेतृत्व एवं महिलाओं की सामाजिक-राजनीतिक भागीदारी को मजबूत बनाने हेतु विभिन्न नीति निर्माण प्रक्रियाओं में प्रभावी सहभागिता को भी बढ़ावा दिया गया ।इस कार्यशाला में शामिल प्रतिभागियों ने व्यावहारिक अनुभव साझा किए और नई तकनीकों, नेतृत्व क्षमताओं तथा संगठनात्मक ज्ञान को आत्मसात करते हुए अपने समुदायों में परिवर्तन लाने के लिए उत्साह व्यक्त किया। soli संस्था से डा सुरेश मोटवानी तथा अत्यंत अनुभवी प्रशिक्षक श्याम बोहरे,डॉ विशाल नायक, डॉ परस राम तिवारी और जीत परमार द्वारा बहुत सुनियोजित ढंग से प्रशिक्षण में अपना योगदान दिया ।

### सांसद खेल महोत्सव 2025 6 को फुटबाल खेल का शुभारंभ

**रामनगर 3 दिसंबर,** सांसद खेल महोत्सव के तहत मैहर जिले के रामनगर में आजाद मैदान स्टेडियम में 6 दिसम्बर 2025 को फुटवाल खेल का भव्य शुभारंभ होगा ।कार्यक्रम सुबह 11 बजे से होगा। जिसके मुख्य अतिथि रामखेलावन पटेल पूर्व राज्यमंत्री होंगे। अध्यक्षता रामखेलावन कोल अध्यक्ष जिला पंचायत मैहर, सतना होंगे। विशिष्ट अतिथि कमलेश सुहाने जिलाध्यक्ष भाजपा मैहर, श्रीमती पूजा गुप्ता सदस्य जिला पंचायत, श्रीमती इंजीनियर प्रियंका पटेल जनपद उपाध्यक्ष रामनगर होंगे। कार्यक्रम की जानकारी कालिका पटेल सांसद प्रतिनिधि द्वारा दी गई है।

### राष्ट्रीय एकता शिविर में ग्रामोदय के एनएसएस स्वयं सेवक आशुतोष शामिल

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट, 3 दिसम्बर । महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई के स्वयं सेवक आशुतोष चनपुरिया का चयन राष्ट्रीय एकता शिविर गुजरात हेतु किया गया है।**

यह शिविर 1 से 7 दिसंबर 2025 तक गुजरात राज्य के कॉमर्स कॉलेज, दभोई में आयोजित किया जा रहा है। श्री आशुतोष इस राष्ट्रीय एकता शिविर में सहभागिता कर रहे हैं।



आशुतोष कृषि संकाय के अंतर्गत संचालित एमएस सी, कृषि पाठ्यक्रम के छात्र और ग्रामोदय विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई के स्वयं सेवक है। देशभर से आए राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक इसमें उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं।

इस वर्ष मध्य प्रदेश से केवल 10 एनएसएस स्वयंसेवकों को इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय शिविर में भाग लेने का अवसर मिला है, जिनमें ग्रामोदय के आशुतोष भी हैं। आशुतोष की इस उपलब्धि पर ग्रामोदय परिवार के लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।



# सायबर अपराधों से छात्र-छात्राओं को किया गया जागरूक

नवभारत न्यूज

**मैहर 3 दिसंबर, पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक मैहर अवधेश प्रताप सिंह के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ चंचल नागर के मार्गदर्शन में सायबर अपराधों की बढ़ती घटनाओं को ध्यान में रखते हुए आज जिले में व्यापक स्तर पर सायबर जागरूकता अभियान चलाया गया।**

इस अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न थाना प्रभारियों एवं उनकी टीम द्वारा स्कूलों/सार्वजानिक स्थानों में पहुंचकर छात्र- छात्राओं को सायबर सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी। थाना प्रभारी रामनगर निरीक्षक विजय त्रिपाठी द्वारा संदीपनी विद्यालय रामनगर , थाना अमरपाटन पुलिस टीम द्वारा शासकीय संदीपनी उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरपाटन , थाना प्रभारी ताला निरीक्षक महेंद्र मिश्रा द्वारा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुकुंदपुर, थाना प्रभारी देहात निरीक्षक रेनू मिश्रा द्वारा हाई स्कूल बरहिया में सायबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुलिस ने सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के तरीके,फिशिंग, ऑनलाइन फ्रॉड व ओटीपी धोखाधड़ी से बचाव,साइबर बुलिंग एवं उससे निपटने के उपाय, अनजान लिंक, ईमेल व मैसेज के खतरे ,डिजिटल गोपनीयता व पासवर्ड सुरक्षा का महत्व, ऑनलाइन गेमिंग के दौरान होने वाले अपराधों से सावधानी, सायबर हेल्प लाइन नंबर 1930 की जानकारी दी गई। पुलिस द्वारा बताया गया कि सायबर अपराध आज युवाओं को सबसे अधिक प्रभावित करते हैं, इसलिए सतर्कता ही इसका सबसे बड़ा उपाय है। सायबर फ्रॉड होने पर सायबर हेल्प लाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें।

# संदीपनी विद्यालय रामपुर बाघेलान में किया गया गीता पाठ

▸ कार्यक्रम में बच्चों का पर्टिसिपेशन नहीं :विधायक प्रतिनिधि

नवभारत न्यूज

**रामपुर बाघेलान 3 दिसंबर, गीता जयंती के अवसर पर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डा मोहन यादव के आह्वान पर संन्दीपनी विद्यालय रामपुर बाघेलान में गीता महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें मां वीणापाडी की प्रतिमा पर पुष्प धूप दीप अर्पित कर अतिथियों व्दारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।**

कार्यक्रम श्रीकृष्ण परंपरा के आचार्यो के सानिध्य में गीता के 15 वें अध्याय का सस्वर गीता पाठ कराया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि , खेल एवं शिक्षा के नगर




विधायक प्रतिनिधि अशोक सिंह रहे। श्री सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि गीता बहुत अगूढ बिषय है। जो जल्दी समझमे नहीं आता इसे कई बार अध्ययन करना पडेगा तब समझ में आयेगा ,हम सब सौभाग्य शाली है कि रामपुर बाघेलान की धरा में जन्म लिया है। यहां के प्राकट्य विद्वान डा. गोविन्द नारायण सिंह को पूरी गीता कण्ठस्थ थी । उन्होंने कहा कि एपीएस विश्वविद्यालय में एक कार्यक्रम चल रहा था, उस कार्यक्रम में डा. गोविन्द नारायण सिंह ने गीता ज्ञान पर ही अपना भाषण दिया था ,तत्कालीन कुलपति श्री बाजपेयी ने डा. गोविन्दनारायण सिंह को पंडित की उपाधि से सम्मानित किया था। हम सब जाति को पंडित मानते है जबकि पंडित जाति की नहीं, बल्कि विद्वता की निशानी है। विधायक प्रतिनिधि श्री सिंह ने कार्यक्रम में बच्चों का पार्टिशिपेशन न होने पर पर कहा कि यह विद्यालय प्रबंधन की कमी को दर्शाता है आगामी कार्यक्रमो में बच्चों से ही कार्यक्रम संचालन कराने एवं कार्यक्रम में पार्टिशिपेशन कराने की बात कही। मुख्य अतिथि की यह बात सुनते ही बच्चे उत्साहित नजर आये। विशिष्ट अतिथि के रूप मे सासंद प्रतिनिधि जन्मेजय सिंह ,विधायक प्रतिनिधि विद्याधर तिवारी, पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष कमलेश कचेर ,उपयंत्री विश्वजीत कुशवाहा, विकास मिश्रा, राकेश मिश्रा रहे। कार्यक्रम का संचालन बाल गोविन्द चतुर्वेदी ने किया । आभार प्रदर्शन विद्यालय के प्राचार्य राममित्र चतुर्वेदी ने किया। कार्यक्रम में नगर परिषद से संदीप वर्मा ,आकाशदीप सेन, प्रहलाद सिंह , चौधरी सहित बडी संख्या में छात्र छात्रा उपस्थित रहे।

# अगोल मैदान में कल से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

▸ पूर्व विधायक यादवेंद्र सिंह होंगे मुख्य यजमान

नवभारत न्यूज

**नागौद 3 दिसंबर, नागौद अगोल मैदान में 5 से 12 दिसंबर तक संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है।**

कथावाचक स्वामी जयराम दास जी महाराज, हरिद्वार उत्तराखंड श्री जगतगुरु द्वाराचार्य ललिताम्बा पीठाधीश्वर होंगे कथा श्रोता मुख्य यजमान श्रीमती प्रभा यादवेंद्र सिंह पूर्व विधायक नागौद होंगे. 5 दिसंबर को नगर में कलश यात्रा गोपाल मंदिर से निकाली जाएगी जो पुरानी कोतवाली मार्ग बाजार होते हुए कथा स्थल पहुंचेगी तत्पश्चात कथा का शुभारंभ होगा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से कथा



होगी। आयोजक यतेंद्र सिंह पूर्व सदस्य जिला योजना समिति के अनुसार प्रसिद्ध सिद्ध बाबा धाम खैरा में 4 दिसंबर को माता गौरी की प्राण प्रतिष्ठा नवनिर्मित मंदिर में की जाएगी ।5 सितंबर को कलश यात्रा एवं श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ होगा नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती प्रतिभा यतेंद्र सिंह सहित कचनार परिवार के सभी सदस्यों ने क्षेत्र वासियों से प्रतिदिन कथा स्थल में पहुंचकर अमृतमयी कथा का रसास्वादन कर पुण्य लाभ लेने की अपील किया है।



# ग्राम पथरा में धर्मध्वजा की गूंज, महाआरती और बजरंगदल की इकाई गठित

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 3 दिसंबर, अयोध्या में स्थापित होने के बाद ऐतिहासिक धर्मध्वजा की दिव्य प्रतिध्वनि मंगलवार को ग्राम पथरा तक पहुंची, जहां बजरंगदल महाकौशल प्रांत प्रखंड चित्रकूट के सौजन्य से मंगलवार को श्री हनुमान महाआरती का भव्य आयोजन हुआ। पूरे गांव में वातावरण भक्ति, ऊर्जा और सांस्कृतिक चेतना से सराबोर रहा।**

कार्यक्रम में ग्रामीणों की उपस्थिति और बजरंगियों की संयोजन क्षमता ने पूरे आयोजन को नई ऊंचाई दी। स्थानीय युवा से लेकर वरिष्ठ नागरिकों तक सभी ने बजरंगियों की सहज नेतृत्व शैली और समाजहित की प्रतिबद्धता की खुलकर सराहना की। उनकी प्रेरणा से न केवल धार्मिक आयोजन सशक्त हुआ, बल्कि ग्राम स्तर पर एक सुव्यवस्थित संगठनात्मक ढांचा भी मजबूत हुआ। इसी क्रम में बजरंगदल ग्राम समिति का गठन किया गया, जिसमें विष्णु गर्ग को सर्वसम्मति से ग्राम संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई, साथ ही शुभम पांडेय, हनुमान पांडेय को सह संयोजक की, यह घोषणा प्रखंड सह संयोजक चित्रकूट (म.प्र.) विपिन पाण्डेय द्वारा की गई। उन्होंने कहा कि यह समिति गांव में राष्ट्रधर्म, सेवा और संस्कार आधारित गतिविधियों को और तेज करेगी। धार्मिक आस्था, सामाजिक एकजुटता और युवा शक्ति के इस संगम ने पथरा ग्राम को एक पहचान दी है। आयोजन की भव्यता और अनुशासन ने साफ किया कि विष्णु गर्ग की नेतृत्व क्षमता और उनकी मंडली आने वाले समय में बजरंगदल की ग्रामस्तरीय गतिविधियों को और मजबूती प्रदान करेगी। इस अवसर पर रोहिणी मिश्रा, रंगेलाल गुप्ता, राजू श्रीवास्तव, राजू द्विवेदी, राकेश श्रीवास्तव, प्रखंड सह सयोजक विपिन पांडेय, देवांश पांडेय, संचालक ओमराज तिवारी, रज्जू गर्ग, दद्दू पटेल, विष्णु गर्ग, योगेंद्र पाठक, शुभम, साहिल तिवारी, नागेंद्र पाठक, के.के.गर्ग, किशोर कुमार, अम्बिका तिवारी, सूरज तिवारी, पंकज पटेल, संदीप त्रिपाठी, रामु रैकवार आदि उपस्थित रहे।

### प्रधान सत्र न्यायाधीश ने किया सब जेल नागौद का निरीक्षण

**नागौद 3 दिसंबर,** आज सब जेल नागौद का प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश श्रीमती गीता सोलंकी, प्रवीण सनोडिया अजय प्रताप सिंह व्यवहार न्यायाधीश सतना द्वारा जेल का निरीक्षण किया गया। बंदियों के प्रकरणों, अधिवक्ता, स्वास्थ्य ,जेल में प्रदत्त सुविधाओं आदि के बारे में पूछा गया। अन्य कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई जेल प्रबंधन पर संतोष व्यक्त किया गया। स्टाफ में ददन प्रसाद कोल, राजनारायन शुक्ला, विकास मिश्रा, देवेन्द्र सिंह, मयंक बड़ेवा ,राहुल रमन नायक आदि उपस्थित रहे। अंत में सुश्री रूशाली सिंह मेल नर्स द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर अभिनंदन एवं आभार व्यक्त किया गया।



# पुलिस इलेवन की जनपद इलेवन पर जीत

▸ सांसद खेल महोत्सव में अलाउद्दीन खां स्टेडिम खेला गया क्रिकेट मैच

नवभारत न्यूज

**मैहर 3 दिसंबर,सांसद खेल महोत्सव में आज अलाउद्दीन खां स्टेडिम मैहर पुलिस इलेवन और जनपद इलेवन के बीच क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया ।**

मैच में पुलिस इलेवन मैहर और जनपद पंचायत इलेवन को पांच रनों से हरा जीत दर्ज किया। मैच में सबसे पहले पुलिस इलेवन ने बल्लेबाजी करते हुए 76 रनो का लक्ष्य रखा जिसके बाद जनपद पंचायत की टीम 71 रनो में ही ऑल आउट हो गई । इस तरह से पुलिस ने मैच जीत कर अपना स्थान बनाया उसके पश्चात सभी को मां शारदा का चित्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# किसानों को साइबर फ्रॉड से बचाव के लिए किया गया जागरूक

▸ मैहर कोतवाली पुलिस की पहल

नवभारत न्यूज

**मैहर 3 दिसंबर,कोतवाली मैहर पुलिस द्वारा खाद वितरण केंद्र में किसानों के बीच साइबर जागरूकता अभियान चलाया गया।**

इस अभियान का उद्देश्य किसानों को डिजिटल लेन-देन से जुड़े साइबर फ्रॉड से बचाव के तरीके समझाना और उन्हें सुरक्षित रहने की जानकारी देना रहा। इस अवसर पर कोतवाली पुलिस टीम ने किसानों को बताया कि आज के समय में फोन कॉल, फर्जी लिंक, ओटीपी, केवाईसी अपडेट जैसे बहानों



से ठगी के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों के किसान, जो अब मोबाइल बैंकिंग, यूपीआई एवं अन्य डिजिटल माध्यमों से लेन-देन करने लगे हैं, ऐसे अपराधियों के आसान शिकार बन सकते हैं।

**पुलिस टीम द्वारा बताए गए मुख्य बिंद-** किसी भी अनजान व्यक्ति से मिले कॉल पर ओटीपी, एटीएम पिन या बैंक जानकारी साझा न करें। संदिग्ध लिंक या ऐप डाउनलोड करने से बचें। सोशल मीडिया पर बैंक संबंधी जानकारी साझा न करें। किसी भी साइबर फ्रॉड की स्थिति में तुरंत 1930 हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत करें। इस कार्यक्रम में उपस्थित किसानों ने जागरूकता अभियान की सराहना की और पुलिस द्वारा दी गई जानकारी को उपयोगी बताया।

# अमरपाटन महाविद्यालय में अव्यवस्था का साम्राज्य, सूचना पटल खंडहर, वाटर कूलर सूखा

▸ प्रभारी प्राचार्य 'चापलूस दरबार' में व्यस्त

नवभारत न्यूज

**अमरपाटन 3 दिसंबर, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अमरपाटन की हालत आज ऐसी हो चुकी है कि इसे देखकर कोई भी समझ सकता है, इस संस्थान का कोई रखवाला नहीं। करोड़ों रुपए खर्च होने के बावजूद कॉलेज के मूलभूत ढांचे की हालत किसी उपेक्षित खंडहर से कम नहीं।**

सबसे पहले बात करें सूचना पटल की—जो खुद अपनी बर्बादी का पोस्टर बना खड़ा है।





जंग लगा, टूटा, उपेक्षितज मानो प्रशासन को ही यह बताना चाहता हो कि "हमारी देखरेख करने वाला कोई नहीं।"

दूसरी तरफ वाटर कूलर, जिसे छात्रों के लिए जीवनदायी सुविधा माना जाता है, पूरी तरह सुखाग्रस्त है। महीनों से बंद पड़ा है, उस पर धूल और जंग की मोटी परतें जमी हैं। कॉलज परिसर के आसपास झाड़ियाँ, गंदगी और बदहाली यह साबित कर रही हैं कि *यहां सफाई और व्यवस्था सिर्फ कागजों में होती है। छात्रों का आरोप बिल्कुल सीधा है- प्रभारी प्राचार्य को कॉलेज की यह बर्बादी नजर नहीं आती, क्योंकि वे दिनभर चापलूसों से घिरे रहते हैं। सार्थक ऐप पर जिनकी हाजिरी *कागजों में ठसाठस भरी रहती है, जमीन पर उनकी मौजूदगी शायद ही कभी दिखती हो।अगर कभी भी सार्थक ऐप के *चेक इनङ्कचेक आउट का सचमुच ऑडिट करा दिया जाए, तो प्रभारी प्राचार्य के प्रियजनों के चेहरे से सारी 'कृपा' का मुखौटा उतर जाएगा। सबसे बड़ा सवाल यह है छात्रों के लगातार आंदोलनों, शिकायतों और विरोध की गूंज आज तक अंतरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा रीवा के कानों तक क्यों नहीं पहुंची? क्या यह भी किसी मजबूरी, दबाव या 'अनकही निष्ठा' का परिणाम है? उच्च शिक्षा विभाग करोड़ों रुपए भेज रहा है, मगर अमरपाटन कॉलेज की जमीनी हकीकत शर्मनाक, चिंताजनक और जांच योग्य है। छात्रों की मांगें बेहद साफ हैं कॉलेज की अव्यवस्था की उच्च स्तरीय जांच हो, सार्थक ऐप का ऑडिट कराया जाए,वाटर कूलर, सूचना पटल और सफाई व्यवस्था ,तुरंत ठीक की जाए, और सबसे बढ़कर, जिम्मेदार अधिकारियों की, लापरवाही पर कठोर कार्रवाई हो क्या छात्र पढ़ने आए हैं, या लापरवाही और गंदगी का सिस्टम देखने?